शनिवार
03 दिसम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



रोहतास में राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता शुरू
हिस्सा लेंगी राज्य के विभिन्न जिलों से आई 22 टीमें 2

कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव: जदयू प्रत्याशी के पक्ष में सभा करने पहुंचे थे सीएम नीतीश कुमार

# कुढ़नी में चुनावी सभा के बीच सीएम नीतीश कुमार शर्म करो के लगे नारे

- सीटेट और बीटेट पास शिक्षक अभ्यर्थियों ने जमकर किया हंगामा
- नीतीश समर्थक और अभ्यर्थियों ने एक दूसरे पर फेंकी कुर्सियां
- सीएम बोले... विरोध कर रहे लोग चिंता न करें, पटना में होगी घोषणा

**केटी न्यूज/कुढ़नी**

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की कुढ़नी सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए सभी दल जोर लगा रहे हैं। शुक्रवार को कुढ़नी में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए सीएम नीतीश कुमार पहुंचे थे। सीएम नीतीश और तेजस्वी यादव चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। तभी सीटेट और बीटेट पास शिक्षक अभ्यर्थियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।

नीतीश कुमार भाषण दे रहे थे तो दूसरी तरफ शिक्षक अभ्यर्थी 'नीतीश कुमार नौकरी दो-नौकरी दो, शिक्षा मंत्री हाय-हाय, नीतीश कुमार शर्म करो' के नारे लगाते हुए बहाली की मांग कर रहे थे। नारेबाजी होता देख नीतीश समर्थकों ने अभ्यर्थियों को भगाने की कोशिश की। इसमें दोनों ओर से एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकी गईं।

इससे थोड़ी देर के लिए स्थिति गंभीर हो गई। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने मामले को संभालते हुए वहां से अभ्यर्थियों को हटा दिया।

अभ्यर्थियों के चले जाने के बाद नीतीश कुमार ने अपने भाषण के जरिए डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश की। सीएम नीतीश ने कहा कि 'अभी यहां पर कुछ लोग विरोध करते हुए दिखाई दे रहे थे। अभी चले गए। मैं उनको बताना चाहता हूं कि उन लोगों को चिंता नहीं करनी चाहिए। इसके बारे में शिक्षा मंत्री को पता है। जो भी घोषणा की जाएगी वो पटना से होगी। यहां पर घोषणा करना उचित नहीं है। यह बात आप सब को पता है कि जहां चुनाव होता है, वहां नई घोषणा नहीं होती है।'







## बिहार में 10 लाख लोगों को देंगे नौकरी: नीतीश कुमार

उन्होंने कहा कि हम लोग पूरे बिहार में 10 लाख लोगों को नौकरी देंगे। 10 लाख लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। यह सब काम हम लोग कर रहे हैं। लोगों के उत्थान और विकास का काम कर रहे हैं। लोगों की पढ़ाई-लिखाई, इलाज, व्यापार के लिए काम कर रहे हैं। व्यापार के लिए हम बड़ी मदद कर रहे हैं। सीएम नीतीश ने कहा कि सरकार को सबकी चिंता है। हम लोग सबके कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। अधिक से अधिक बहाली हो, इसके लिए काम कर रहे हैं। सभा में आकर या मीटिंग में जाकर पोस्टर दिखाने की जरूरत नहीं है। हम लोग तो पहले ही कह चुके हैं कि हमारा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार देना है। इसलिए चिंता मत करिए। सीएम ने आप लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने हित में वोट करिएगा। आपको जो सही लगे उसी हिसाब से वोट कीजिए। काम तो हम करते रहेंगे। सरकार सबके हित में काम करती रहेगी।

## बिहार में ये कैसी शराबबंदी...

# चिंतनीय: वैशाली में जहरीली शराब पीने से डीपीएस स्कूल के प्रिंसिपल की मौत

- स्कूल में गुरुवार की रात हुई थी शराब पार्टी
- शराब पीने के तुरंत बाद प्रिंसिपल की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल ले जाने के दौरान मौत

**केटी न्यूज/वैशाली**

बिहार में जारी शराबबंदी कानून के बीच शुक्रवार को वैशाली जिले में डीपीएस स्कूल के प्रिंसिपल की जहरीली शराब पीने से मौत होने की सूचना है। प्रिंसिपल की शराब पीने से हुई मौत ने सरकार और प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है। इसके साथ ही बड़ा सवाल यह भी खड़ा हो गया है कि शराबबंदी के बीच आखिर वैशाली में शराब आई कहां से। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि स्कूल में गुरुवार की रात जमकर शराब पार्टी हुई थी। इसमें स्कूल के प्रिसिंपल ने भी शिरकत की थी। शराब पीने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद आनन-फानन में प्रिंसिपल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रिंसिपल की मौत के बाद स्कूल के डायरेक्टर आमिर खान ने आरोप लगाया कि महनार थाना क्षेत्र में खुलेआम शराब की बिक्री होती है। स्कूल के प्रिंसिपल जय प्रधान की जहरीली शराब पीने से मौत हुई है।

इधर पुलिस इसे बीमारी से मौत बता रही है। महनार थानाध्यक्ष राजन पांडेय ने कहा है कि प्रिंसिपल की मौत जहरीली शराब पीने से नहीं हुई है बल्कि गंभीर बीमारी के कारण उनकी मौत हो गई है।

## सनातन धर्म की परिभाषा बदलने की कोशिश न करें: गिरिराज सिंह

**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री सह बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह ने एक बार फिर बिहार सरकार एवं बिहार सरकार के मंत्रियों को नसीहत देते हुए कहा है कि जायज और नाजायज की परिभाषा कुर्सी पर बैठकर ना करें। गिरिराज सिंह ने कहा है कि आज भारत में मौजूद कट्टरपंथी भारत को इस्लामिक देश बनाने की साजिश कर रहे लोगों के द्वारा प्रलोभन देकर लोगों का धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता आती रहेगी जाती रहेगी, लेकिन सनातन धर्म की परिभाषा बदलने की कोशिश सदन में बैठे लोगों को नहीं करनी चाहिए।

## कटिहार के दियारा इलाके में गैंगवार में पांच लोगों की मौत

- कुख्यात मोहना ठाकुर और कुख्यात पिक्कू यादव के बीच गैंगवार की घटना
- पुलिस ने एक मौत की पुष्टि की, अब तक कोई शव बरामद नहीं

**केटी न्यूज/कटिहार**

कटिहार जिले से दियारा इलाके में शुक्रवार को दो गैंग के बीच हुए गैंगवार में पांच लोगों की मौत की खबर है। अब तक कोई शव बरामद नहीं हुआ है। वैसे पुलिस ने एक मौत की पुष्टि कर दी है। मौके पर दो थानों की पुलिस कैंप कर रही है। जानकारी के अनुसार गैंगवार कटिहार जिले के मोहना चांदपुर निवासी कुख्यात मोहना ठाकुर और कुख्यात पिक्कू यादव उर्फ सुनील यादव के बीच हुई है। इस गैंगवार में अब तक पांच लोगों के मारे जाने की सूचना है।

गैंगवार का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है। इस दौरान सैकड़ों राउंड फायरिंग हुई है। फायरिंग में एक गोली पुलिस को भी लगने की सूचना है। बखिया कटिहार जिले का दियारा है। पुलिस के अनुसार दोनों गिरोह भागलपुर जिले के पीरपैंती से सटे बाखरपुर, कटिहार के बरारी और झारखंड के साहेबगंज से सटे दियारा क्षेत्रों में काफी दिनों से सक्रिय हैं। बखिया इलाके के चांदपुर में मोहना ठाकुर का वर्चस्व है। वर्चस्व की लड़ाई को लेकर गैंगवार की घटना होती रहती है।

## पूर्व राष्ट्रपति ने 17 वें अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक समारोह का किया शुभारंभ



**केटी न्यूज/गया**

देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शुक्रवार को बोधगया स्थित विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर पहुंचे। यहां मंदिर के गर्भगृह में उन्होंने भगवान बुद्ध के दर्शन किये। इसके बाद पवित्र बोधिवृक्ष का भी दर्शन किया।

इस दौरान वे बोधगया में चल रहे 17वां अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक समारोह में शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कर कमलों द्वारा 17 वां अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक समारोह का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर महाबोधि मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बोधगया पहुंचे हैं, जहां उन्होंने महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में विशेष पूजा-अर्चना की है। साथ ही उन्होंने महाबोधि मंदिर परिसर में आयोजित 17वां अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक समारोह में शामिल हुए हैं।

## छत्तीसगढ़ में चूना पत्थर की खदान धंसने से सात लोगों की मौत

- हादसे की चपेट में आने से 12 से ज्यादा ग्रामीण उसमें फंस गए थे

**एजेंसी/बस्तर**

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। जगदलपुर से 11 किलोमीटर दूर ग्राम मालगांव में चूना पत्थर की खदान अचानक धंस गई। इस हादसे की चपेट में आने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि हादसे की चपेट में आने से 12 से ज्यादा ग्रामीण उसमें फंस गए थे। सूचना के मुताबिक घटना स्थल पर अभी भी कई और लोग फंसे हुए हैं। पुलिस और एसडीआरएफ ने उन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। अब तक दो ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। मृतकों में 6 महिलाएं और 1 पुरुष है। दरअसल, रेत की खदान से ग्रामीण छुई जो एक तरीके से चूने का स्वरूप है और चूने को खदान में घुसकर इसे खोद कर निकाला जाता है और इसकी खदान कमजोर होती है। तो इसी तरह छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में कुछ ग्रामीण यहां खदान से चूना पत्थर निकाल रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

### हादसे पर सीएम भूपेश बघेल ने दुख जताया

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में हुए हादसे के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से दुख जताया गया है। इस दौरान उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट जारी करते हुए लिखा, जगदलपुर के मालगांव में एक खदान में हादसे के दौरान 6 श्रमिकों की दुखद मृत्यु का समाचार मिला है. ईश्वर दिवंगत श्रमिकों की आत्मा को शांति एवं उनके परिवारों को हिम्मत दे. साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं. अन्य फंसे हुए लोग सुरक्षित निकलें, ऐसी प्रार्थना है।

### उप्र के सीएम ने मुरादाबाद को दी 422 करोड़ की 30 परियोजनाओं की सौगात

# योगी का आह्वान... यूपी को बनाएं देश का नंबर वन प्रदेश



## बोले सीएम योगी... मैनपुरी को समाजवादी नहीं रामराज्य चाहिए

मैनपुरी में होनेवाले लोकसभा उपचुनाव को लेकर क्रिश्चियन मैदान में शुक्रवार को सभा का आयोजन किया गया। इसमें संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सैफई परिवार में समाजवाद के अलग-अलग ब्रांड हैं। शिवपाल सिंह का समाजवाद लठैत है तो वहीं प्रो. रामगोपाल का पूंजीवाद और अखिलेश यादव का समाजवाद अवसरवादी है। सीएम योगी ने कहा कि जब भी समाजवादी पार्टी चुनाव हारती है, बेचारी डिंपल को आगे कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में सैफई परिवार से मुक्ति पाने का अवसर है। मैनपुरी को समाजवादी नहीं रामराज्य चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा ने केवल अपना और अपने परिवार का ही विकास किया। उन्होंने इस बार मैनपुरी सीट पर भगवा फहराने की जनता से अपील की।

**एजेंसी/मुरादाबाद**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को मुरादाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने बुद्धि विहार में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन के दौरान 422 करोड़ की 30 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी ने इस दौरान सोनकपुर ओवरब्रिज और इंट्रीगेटिड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने10 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी सौंपा। जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा प्रबुद्धजन सम्मेलन में उपस्थित होना मेरे लिए गर्व का पल है। सिर्फ मुरादाबाद से ही घरेलू और वैश्विक बाजार में 25000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होता है। यहीं नहीं यहां के शिल्पी और कारीगर विश्व भर में मशहूर हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से उत्तर प्रदेश को देश का नंबर प्रदेश बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

सीएम योगी ने कहा कि अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य पांच साल पहले प्रदेश में बहुत ही ज्यादा खराब थी, लेकिन जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो इसमें सुधार हुई। एकीकृत कमांड कंट्रोल सेंटर से पूरा शहर कैमरे की निगरानी में रहेगा। इससे अपराध नियंत्रण में रहेगा। एक चौराहे पर अपराध करने वाला अगले दूसरे चौराहे पर ढेर होगा या वह पुलिस के शिकंजे में होगा।



## खबरें फटाफट

### दिनदहाड़े महिला से 30 हजार रुपये की लूट

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर बाजार में पेंशन लेकर घर जा रही महिला से उच्चकों ने दिनदहाड़े 30 हजार रुपये झपटा मार कर फरार हो गए। बताया जाता है कि शुक्रवार को मखदुमपुर डीह मोहल्ला निवासी सुमित्रा देवी बाजार में संचालित बैंक ऑफ इंडिया से पेंशन लाने गई थीं। पेंशन लेकर वो टेंपो से मखदुमपुर बाजार आ रही थी। इसी दौरान बाजार में अज्ञात झपटा मार गिरोह के उच्चके उनका रुपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। इस मामले में मखदुमपुर थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया घटना की जानकारी मिली है। पूरे मामले की गम्भीरता से जांच की जा रही है। बताते चलें कि मखदुमपुर बाजार में चोरी व लूट की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। जिसके कारण आम लोगों में काफी भय का माहौल पैदा हो गया है। लगातार चोरी और लूट की घटना को चोरों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। वहीं, पुलिस अबतक किसी भी लूट के मामले में उद्भेदन करने में असफल रही है।

### बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ माले का अक्रोश मार्च

**जहानाबाद।** इंकलाबी नौजवान सभा द्वारा शुक्रवार को भाकपा माले कार्यालय से बिजली कार्यालय जहानाबाद तक आक्रोश मार्च निकाला गया। इस दौरान माले के नेताओं और कार्यकताओं ने बिजली कार्यालय का घेराव किया। जिसका नेतृत्व आरवाईए जिला संयोजक वेंकटेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरवाईए जिला कमिटी सदस्य योगेंद्र यादव ने किया। नेताओं ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा जिले के कई गावों की बिजली काटी जा रही है। जबकि उस गांव के लगभग आधे से अधिक उपभोक्ताओं ने अपना बिल भरा है। नल जल योजना के मीटर का कनेक्शन भी काट दिया जा रहा है। जिससे पूरे गांव में पानी के लिए हाहाकार मच जा रहा है। हाल में ही दयाली बीघा, माया बीघा, भदसारा ,उसरी, इस्लाम चक, आंकोपुर समेत दर्जनों गांव का बिजली अचानक काट दिया गया। बच्चों की पढ़ाई से लेकर मोबाइल चार्ज करने की जटिल समस्या पैदा हो जाने से कई तरह के काम में बाधा पैदा हो जा रहा है। प्रदर्शन में घोसी विधायक रामबली सिंह, जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा, काको प्रखंड सचिव विनोद भारती, मोदनगंज सचिव बितन मांझी, महिला नेत्री रेणु देवी, प्रदीप कुमार, जगदीश पासवान, सोनू सिंह, अनिल पासवान, जितेंद्र बिंद, प्रेम राज सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भोजपुर में 23 थानाध्यक्षों सहित 32 पुलिस अफसरों का तबादला, शाहपुर थानाध्यक्ष हटे

- शाहाबाद डीआईजी के अनुमोदन के बाद एसपी ने जारी की सूची
- नगर, जगदीशपुर व शाहपुर सहित 23 थानों के बदले गये थानाध्यक्ष




**केटी न्यूज/आरा**

जिले में बढ़ते अपराध के मद्देनजर पुलिस महकमे में गुरुवार को बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। इस दौरान 23 थानाध्यक्षों सहित 32 अफसरों का तबादला कर दिया गया है। इनमें पांच इंस्पेक्टर और 27 दारोगा स्तर के अधिकारी शामिल हैं। सदर सहित चार सर्किल इंस्पेक्टर भी बदले गये हैं। इनमें एक इंस्पेक्टर को थाने की कमान सौंपी गयी है। नगर, जगदीशपुर और शाहपुर सहित 23 थानों और ओपी के थानाध्यक्ष बदले गये हैं। चार थानाध्यक्षों को लाइन बुला लिया गया है, जबकि तीन को ओपी की कमान दी गयी है। एसपी संजय कुमार सिंह की अनुशंसा पर गुरुवार की शाम शाहाबाद डीआईजी क्षत्रनील सिंह द्वारा मुहर लगा दी गयी है। एसपी की ओर से देर रात तबादले की सूची जारी की गयी। बताया जा रहा है कि चार माह की ग्रेडिंग, अपराध पर नियंत्रण, आमजनों के हित में कार्य प्रणाली को विकसित करने और करीब दो साल की समयावधि पूरी होने पर यह कार्रवाई की गयी है। एसपी द्वारा जारी सूची के अनुसार सदर इंस्पेक्टर गौतम कुमार को कोईलवर, बिहिया के सर्किल इंस्पेक्टर दयानंद प्रसाद को पीरो अंचल जबकि कोईलवर इंस्पेक्टर कमलेश्वर कुमार को बिहिया एवं सदर अंचल की कमान दी गयी है। वहीं पीरो इंस्पेक्टर विलास पासवान को जगदीशपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। इधर, जगदीशपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार को नगर कोतवाल बनाया गया है। सहार थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार को शाहपुर, सिकरहट्टा थानाध्यक्ष आशीष कुमार साह को तीयर, हसनबाजार ओपी इंचार्ज शिवेंद्र कुमार को सहार, कृष्णागढ़ थाना इंचार्ज अरविंद कुमार को अगिआंव बाजार, चौरी थानाध्यक्ष पवन कुमार को सिकरहट्टा व ज्योति कुमारी को अजीमाबाद की कमान सौंपी गई है।

**राजीव रंजन कुमार को बनाया गया गड़हनी का थानाध्यक्ष :** वहीं, धनगाईं थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार को इमादपुर, करनामेपुर ओपी इंचार्ज मनोज कुमार को आयर, बहोरनपुर ओपी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार सत्यार्थी को धनगाई जबकि गीधा ओपी इंचार्ज पूनम कुमारी को चांदी का थानाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही, डीआईयू शाखा में तैनात दारोगा अवधेश कुमार को संदेश, तो राजीव रंजन कुमार को गड़हनी का थानाध्यक्ष बनाया गया है।अवधेश कुमार पूर्व में बड़हरा के थानाध्यक्ष रह चुके हैं। डीआईयू के ही दारोगा कुमार रजनीकांत को चौरी, हिंदी शाखा से दारोगा सुरेश सिंह -1 को पवना थाना, कोईलवर थाने के दारोगा मनीष कुमार को करनामेपुर, बड़हरा थाने में तैनात दारोगा अभय शंकर को बहोरनपुर ओपी और चांदी थाने में तैनात दारोगा प्रियंका गुप्ता को एससी-एसटी थाने का थानेदार बनाया गया है।

## चार दिसंबर को राज्य के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी फायरिंग में लेंगे हिस्सा

# रोहतास में राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता शुरू हिस्सा लेंगी राज्य के विभिन्न जिलों से आई 22 टीमें

- बीएसएपी के डीजी ने कहा - इन प्रतियोगिताओं से निखरती है जवानों की प्रतिभा



**केटी न्यूज/सासाराम**

जिले के डेहरी आन सोन में शुक्रवार को राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आगाज हुआ। जिसका शुभारंभ रंगारंग कार्यक्रम के बीच बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बीएसएपी) के डीजी और मुख्य अतिथि एके आंबेडकर ने आकाश में गुब्बारें छोड़ और कबूतर उड़ाकर किया। जिसके बाद महानिदेशक डीजी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रतिभागियों में उत्साह का समारोह है। इससे खुद को निहारने में मदद मिलेगी। जवानों के अनुशासन वाला जीवन पूरे समाज के लिए एक उदाहरण बनाता है। कर्तव्य पालन से पीछे न हटे। उन्होंने प्रतिभागियों को कहा कि खेल भावना के साथ खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेना है। 22 बटालियन के 1021 जवान हिस्सा ले रहे हैं।

उन्होंने 1998 में एसपी रहने के दौरान को याद किया। इस मैदान में सिपाहियों की नियुक्ति किया था। उन्होंने कहा कि जब वे यहां शाहाबाद रेंज डीआईजी थे तब पूर्व डीजीपी अभ्यानंद ने 2008 में यहां शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया था। आज पुनः शूटिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन करने शाहाबाद आने का बहाना मिला। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। अंबेडकर ने कहा कि उस वक्त महिलाओं की सहभागिता इतनी नहीं थी।हमारे राज्य के लिए गौरव की बात है कि आज पूरे देश के सभी राज्यों से ज्यादा हमारे राज्य की पुलिस में महिलाओं की भागीदारी 22 प्रतिशत से अधिक है। बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन 10 दिनों के लिए होगा। चार दिसम्बर को राज्य के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी यहां फायरिंग में हिस्सा लेंगे। उनका भी यहां विशेष प्रतियोगिता होगा। डीजीपी के भी आने की संभावना। उन्हें आज यहां उद्घाटन करना था लेकिन वे अन्य व्यस्तताओं के कारण नहीं आ सके।

### प्रतियोगिता में 22 टीमों ने लिया हिस्सा

तीन से 11 दिसंबर तक होने वाले इस सच्चिदानंद अखौरी बिहार विशेष ससस्त्र पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता में राज्य भर से आईं 22 टीमें भाग ले रही हैं। 22 टीमों 1021 निशानेबाज टारगेट पर निशाना साधेंगे, जिसमें 128 महिला प्रतियोगी भी होगी। सात साल बाद इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, गत प्रतियोगिता 2015 में आयोजित की गई थी। जो शूटिंग प्रतियोगिताएं होंगी, उनमें राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में कुल पांच अभ्यास होंगे। प्रत्येक अभ्यास में प्रत्येक वाहिनी से दो-दो प्रतियोगी भाग लेंगे। इसी प्रकार रिवाल्वर पिस्टल प्रतियोगिता में चार अभ्यास होंगे। इसमें 15 मीटर पोजीशनए 25 मीटर से फायर पोजीशनए 40 मीटर अटैक पोजीशनए 50 मीटर स्नैप लाइन पोजीशन का प्रतियोगिता होगी।

### 1943 में हुई थी इस वाहिनी की स्थापना

एडीजी गरीमा मल्लिक ने कहा कि प्रतियोगिता में 2015 के बाद बाद इस आयोजित प्रतियोगिता में 22 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि इस वाहिनी की स्थापना 1943 में हुई थी। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले डीजी ने सभी टीम मैनेजर से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन समारोह में शाहबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी क्षत्रनील सिंह, एसपी आशीष भारती समेत सभी वाहिनी के समादेष्टा, डीएसपी व अन्य पुलिस पदाधिकारियों के अलावा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी व उनके परिवार के लोग व प्रतिभागी मौजूद थे।

# एक माह में 319 आरोपितों ने किया सरेंडर, 63 भेजे गये जेल

- 24 अपराधियों के खिलाफ भेजा गुंडा, छह के खिलाफ निगरानी का प्रस्ताव
- 66 चालकों का लाइसेंस रद्द करने का भेजा गया प्रस्ताव, दो लाख 40 हजार फाइन



**केटी न्यूज/आरा**

जिले में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है गिरफ्तारी के साथ ही उनके खिलाफ निगरानी भी रखी जा रही है गुंडा व निगरानी का प्रस्ताव भी भेजा जा रहा है एक तरफ थानों के साथ वज्र टीम प्रहार कर रही है वहीं एंटी लिकर टास्ट फोर्स शराब के धंधेबाजों पर नकेल कस रहा है इसे ले लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके कारण नवंबर माह में 1063 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है वहीं पुलिस की दबिश इनमें हत्या, लूट सहित विभिन्न कांडों के आरोपितों से लेकर शराब के धंधेबाज तक शामिल हैं 473 गैरजमानीत वारंट और 34 कुर्की-इश्तेहार का निष्पादन किया गया है। 15 आर्म्स और 24 गोलियां भी बरामद की गयी है। शराब बेचने में 357 जबकि पीने के आरोप में 95 पियक्कड़ को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान करीब 3100 लीटर अंग्रजी ओर 6758 लीटर शराब बरामद की गयी है। 164 भट्ठियां भी ध्वस्त की गयी है।

एसपी संजय कुमार सिंह के अनुसार एक से 30 जून के बीच हत्या के 15, लूट के आठ, डकैती के आठ, हत्या के प्रयास के 97, एससी-एसटी के आठ, रेप केस के एक और महिला उत्पीड़न के सात वांटेड को आरेस्ट किया गया है। एसपी के अनुसार 473 गैरजमानीत वारंट और 34 कुर्की-इश्तेहार का निष्पादन भी किया गया है। पुलिस की दबिश से एक माह में विभिन्नकांडों के 319 आरोपितों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। एक माह में थाना स्तर पर कैंप आयोजित कर 132 मामलों को सुलझाये गये। महिला थाना के स्तर से 34 मामलों की काउंसलिंग करायी गयी है। दुर्घटना व ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में 66 चालकों का लाइसेंस रद्द करने का प्रस्ताव भेजा गया है। 164 वाहन चालकों का चालान काटते हुये 2.4 लाख का फाइन वसूल किया गया।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनी लोगों की फरियाद



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला धिकारी रिची पाण्डेय ने शुक्रवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें जिले के आमजनों के परिवादों को सुना गया और साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन के लिए आवश्यक निदेश दिए। जिलाधिकारी के जनता दरबार मे लगभग 85 परिवाद प्राप्त हुए। जिनमें राशन कार्ड, भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व विभाग, आपदा प्रबंधन शाखा, भू-अर्जन शाखा सहित अन्य कार्यालयों से संबंधित थे। जिलाधिकारी द्वारा परिवादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त परिवाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया एवं कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वैसे मामले जो लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आते हैं उन्हें सुनवाई हेतु पंजीकृत किया गया और ऐसे मामले जो इसके अंतर्गत नहीं है उन पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

# संविधान सप्ताह के तहत स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जहानाबाद द्वारा संविधान दिवस सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार को राज्य इंटर स्तरीय कामेश्वर उच्च विद्यालय अलीगंज घोसी में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान के प्रस्तावना से किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा सभी शिक्षक कर्मचारी गण ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम को पैनल अधिवक्ता राजीव कुमार ने संबोधित किया छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए संविधान के ऊपर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही, हमारे मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में भी जानकारी दी और संविधान के द्वारा प्रदत्त अधिकार के बारे में बताया। वहीं, छात्र छात्राओं के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, क्विज, वाद विवाद आदि का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य निरंजन कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के बीच मनोबल एवं आत्मविश्वास बढ़ता है और बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगती है।

## एक नजर

### नगर निगम के ईओ व ठेकेदार सहित आठ पर केस

**आरा।** जिला मुख्यालय में नगर निगम की योजनाओं में गड़बड़ी एवं गबन के मामले में ठेकेदारों और अभियंताओं पर कानून शिकंजा कसना शुरू हो गया है। इसे लेकर नगर निगम की ओर से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए टाउन थाने में एक आवेदन दिया गया है। इनमें दो नगर मुख्य/कार्यपालक अभियंता, एक सहायक अभियंता, तीन कनीय अभियंता और तीन संवेदकों को आरोपित किया गया है। सभी पर करीब चालीस लाख से अधिक की राशि का गबन करने का आरोप लगाया गया है। कुछ योजनाओं में बिना काम किये, तो किसी में काम से अधिक की राशि निकासी कर ली गयी है। उप नगर आयुक्त उपेंद्र कुमार सिन्हा की ओर से दिये गये आवेदन के अनुसार एनआईटी संख्या दो के अभि. 2020-21 के ग्रुप संख्या 110 के तहत करायी गयी योजनाओं में करीब 21 लाख 15 हजार की मापी पुस्तिका में दर्ज कर राशि की निकासी की गयी है। जबकि धरातल पर कोई काम नहीं पाया गया।

### मैजिक व बाइक की टक्कर में चार जख्मी

**आरा।** जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मिल्की और बिशनपुरा गांव के बीच आरा-बक्सर हाईवे पर शुक्रवार की शाम मैजिक ने बाइक में ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार मां-बेटे समेत चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इनमें दो की स्थिति काफी गंभीर बनी है। आरा में इलाज के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया है।? वहीं, अन्य का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में गजराजगंज ओपी के नवादा बेन गांव निवासी लवकुश पासवान की 35 वर्षीया पत्नी चिंता देवी, उनका 10 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार, भतीजा विक्की पासवान एवं उसी गांव के श्यामसुंदर दास का पुत्र राहुल कुमार शामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि चिंता देवी अपने पुत्र हिमांशु कुमार का इलाज कराने के लिए अपने जेठ के लड़के विक्की पासवान और उसके राहुल कुमार के साथ बाइक से आरा जा रही थी। तभी मिल्की और बिशनपुरा गांव के बीच पीछे से आ रही मैजिक वाहन ने उनके बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उससे चारों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

### एथलेटिक्स में छात्र-छात्राओं का दिखा दमखम

**जहानाबाद।** एरोड्रम स्टेडियम में 5वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आगाज हुआ। जिसका उद्घाटन उप विकास आयुक्त परितोष कुमार, वरीय उप समाहर्ता सह जिला खेल पदाधिकारी निकिता सहायक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग की निदेशक माला कुमारी व स्वीप आईकॉन अमित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता का नेतृत्व जहानाबाद जिला एथलेटिक्स के सचिव एवं जिले के पीडब्ल्यूडी एवं स्पोर्ट आईकॉन अजीत कुमार ने किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने 1000 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, 300 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, शॉट पुट आदि में हिस्सा लिया। 1000 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम स्थान नीतीश कुमार, द्वितीय स्थान रजनीश कुमार एवं तृतीय स्थान गणेश कुमार ने प्राप्त किए। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम सुमन कुमारी, द्वितीय नेहा कुमारी एवं तृतीय स्थान चांदनी कुमारी ने प्राप्त किया। जबकि 600 मीटर बालक वर्ग दौड़ में प्रथम शुभम राज, द्वितीय आदित्य कुमार एवं तृतीय यदु कुमार रहें। बालिका वर्ग में प्रथम खुशी कुमारी, द्वितीय खुशी कुमारी एवं तृतीय स्थान शिवानी कुमारी ने प्राप्त किया। वहीं 300 मीटर बालक वर्ग में राकेश कुमार प्रथम, लवकुश कुमार द्वितीय एवं विपुल कुमार तृतीय स्थान पर रहें। बालिका वर्ग में प्रथम अंजली कुमारी, द्वितीय सलोनी कुमारी एवं तृतीय स्थान अनिता कुमारी ने प्राप्त की।

# ठंड के मौसम में नवजात और बच्चों का रखें विशेष ख्याल : डॉ अशोक

- सर्दी- जुकाम की अनदेखी करने से बच्चों में निमोनिया का खतरा




**केटी न्यूज/सासाराम**

ठंड के दिनों में बदलते मौसम और तापमान में उतार-चढ़ाव कई सारी शारीरिक समस्याओं की वजह बन जाती है। ऐसे मौसम में छोटे बच्चों पर इसका असर और ज्यादा देखा जाता है। खासकर 0 से 6 साल की उम्र के बच्चों को ठंड के मौसम में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ठंडी और रूखी हवा, रात और सुबह में अचानक तापमान का गिरना बच्चों में बीमारी का कारण बनता है। ठंड के मौसम में बच्चों को सर्दी जुकाम ही परेशान नहीं करता बल्कि बुखार, उल्टी- दस्त, स्किन इनफेक्शन, रैशेज, ड्राई कफ, पेट दर्द , फुंसियां, निमोनिया ज्यादा परेशान करता है। यदि सर्दी और जुकाम को लेकर सावधानी न बरती जाए तो यह निमोनिया का रूप ले लेता जो बच्चों के लिए काफी घातक हो सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो ठंड के मौसम में बच्चों में सर्दी-जुकाम एवं खांसी होना आम बात है। इसलिए इस दौरान डॉक्टरी सलाह लेने की हिदायत भी दी जाती है।

### सर्दी जुकाम को न करें नजरअंदाज

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि ठंड के मौसम में बच्चों को होनी वाली सर्दी जुकाम को नजरअंदाज न करें। खासकर बदलते मौसम में बच्चों पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि बच्चों में होने वाली सर्दी जुकाम निमोनिया का कारण बनता है। इसलिए सर्दी खांसी होने पर तुरंत डॉक्टरी सलाह लें नहीं तो निमोनिया बच्चे के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

### बच्चों को पहनाएं गर्म व ऊनी कपड़े

डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि ठंड के दिनों में बच्चों को गर्म एवं ऊनी कपड़े पहनाएं। इलेक्ट्रिक हीटर का परहेज करते हुए ऊनी स्वेटर, टोपी और पैरों में मौजे पहनाकर ठंड से बचाव करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गर्म कपड़े इतने अधिक भी ना हो कि बच्चे असहज महसूस करें। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि यदि घर में मौजूद बच्चे को सर्दी- जुकाम या खासी दो-तीन दिन से ज्यादा बनी रहे तो तत्काल डॉक्टर को दिखाएं। सर्दी के मौसम में बच्चों का विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है।

**ठंड से बच्चों की करें सुरक्षा :** ठंड से बचाव करने का आसान एवं आम तरीका होता है बच्चों के ढेर सारे गर्म कपड़े पहना देना। साधारण कपड़ों के ऊपर से ऊनी कपड़ा, टॉय, मोजा पहना कर बच्चे को सुरक्षित रखा जाता है। गर्म कपड़े ऐसे हो जिससे बच्चे का सिर मुंह, नाक और छाती ढकी रहे। इसके अलावा सुबह शाम बच्चे के सिर से पूरे शरीर तक हल्के हाथों से सरसो या जैतून तेल से मालिश करनी चाहिए। क्योंकि मालिश करने से बच्चे की त्वचा मॉश्चराइज रहती है। साथ ही साथ ब्लड सकुर्लेशन भी सही रहता है। इससे नींद अच्छी आती है। इसके अलावा बच्चों के आसपास सफाई भी जरूरी है।

# डीएम को कौन कहे सीएम को हिला देंगे, का समझे




चुनावी घंटी बजी तो बतकुच्चन गुरू फिर लहराते हुए रास्ते में मिल गए। लंबे समय से न जाने कहां लापता थे। मैंने देखा तो आवाज दी। वे हंसते हुए पास आए और बोल का हाल हौ गुरू, बड़े दिन बाद दिखे। मैं उनकी बातें सुन हंस पड़ा। मैने कहा गुरू हम तो रोज ही कहीं न कहीं दौड़ते ही रहते हैं। आप ही लंबे अरसे बाद दिखे हैं। मेरे बात सुन वे तपाक से बोले। अरे गुरू हम दो दिन से चौसा में फंसे थे। कुछ मनई सब मिल के सड़के जाम कर दिया था। पता चला किसान सब तक नोटे नहीं पहुंच रहा है। हम बड़ा फेरा में पड़े। इस कौन सा नया समस्या आ गवा अप्पन शहर में। लगत है कवनों फिरकी ले रहा है। इ सोच के हम लौट चले सरेंजा-इटाढ़ी के तरफ से। लेकिन, गुरु रास्ते में हमरा इतना हिलाया कि ससुर हम परेशान हो गए। हमने उससे कहा तोरा शिकायत हम हाकिम से करेंगे। बताओ एतना कवनो हिलाता है। हमरी बात सुन ससुरी हमीं को ताना मारे लगी। का धमकाते हो, हम तोरा डीएम से कौन कहे सीएम से नहीं डरती हूं। जाओ लेके आओ उ सब मिला के भी न हिला दिए तो कहना। आया है हमारा लचक देखने। हमरा तो माथा इ सब सुन के आउट हो गवा रहा। लेकिन, करते का, मजबूरी था। उधर से जाना था। सो चलकते, भचकते हम पहुंच गए तोहरे शहर मा। उनकी बातें सुन मुझसे रहा नहीं गया। मैंने पूछा आपकी बातें समझ में आ नहीं रही हैं। आप कहना क्या चाहते हैं। वे हंसने लगे और बोले अरे गुरू चौसा से आगे बढ़ोगे तो पता चलेगा। एतना खराब सड़क बनाया है कि कवनो आता-जाता आदमी भी बात देवेगा। अइसन चौपट सड़क बनता है कहूं। ससुरा चलने पर हचर-हचर करता है। गुरू हम कहते हैं, पढा लिखा चोर जब तक रहेगा। इस देश का भला नहीं होवे देगा, का समझे। यह कहते हुए वे आगे निकल गए। लेकिन, उनकी बातें मुझे अच्छी लगी। मन में यह सवाल उठ रहा था। आखिर जो भ्रष्टाचार खुली आंखों से भी दिख जाता है। उस पर किस तरफ लोग झूठ की चादर डाल अलकतरा पी रहे हैं। यह सोचते हुए मैं भी अपने घर को वापस लौट आया।

**(माउथ मीडिया साप्ताहिक व्यंग कालम है। जो प्रत्येक शुक्रवार को प्रकाशित होगा।)**

# कार्रवाई बेअसर: डुमरांव की सड़कों पर फिर से अतिक्रमणकारियों को कब्जा





**केटी न्यूज/डुमरांव**

दो दिन पहले नगर परिषद प्रशासन ने शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया था तथा यह चेतावनी भी दिया था कि दुबारा अतिक्रमण करने पर जुमार्ना भी वूसला जाएगा। अतिक्रमण हटाने में नगर परिषद प्रशासन के हजारों रूपए भी खर्च हुए। पूरे दिन चले इस अभियान के दौरान शहर की टैजफिक व्यवस्था जहा ध्वस्त हुई थी वही घंटो बिजली आपूर्ति भी रोकनी पड़ी थी। लेकिन नगर परिषद की यह कार्रवाई बेअसर साबित हुई है। डुमरांव की सड़कों पर फिर से अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो गया है। चाहे वह राजगोला रोड की सड़क हो, मुख्य पथ स्टेशन रोड या फिर साफाखाना रोड की सड़क। हर जगह अतिक्रमणकारी पहले की तरह काबिज हो गए है। जिससे नगर परिषद प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठने लगा है।

### एसडीओ के एक्शन के बाद गजाधरगंज मोहल्ले के लोगों में मचा हड़कंप

# सड़क जाम करना पड़ा महंगा, 104 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

- सभी चिह्नित नामजद लोगों से वसूला जाएगा पांच-पांच हजार रुपए सामूहिक जुर्माना
- एसडीओ ने कहा - महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों का आवागमन बलपूर्वक किया गया बाधित

**केटी न्यूज/बक्सर**

शहर के गजाधर गंज मोहल्ले में नालियां जाम रहने और जल निकासी की समस्या पर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करना मोहल्ले के लोगों को महंगा पड़ गया है। लोगों द्वारा किए गए सड़क जाम से यातायात प्रभावित होने तथा लोगों को परेशानी होने के हवाला देकर अनुमंडल प्रशासन ने कड़ा एक्शन लिया है। अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्रा के द्वारा कुल 104 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी टाउन थाना में दर्ज कराई गई है। साथ ही, सभी चिह्नित नामजद लोगों से पांच-पांच हजार सामूहिक जुमार्ना भी वसूला जाएगा। अनुमंडल प्रशासन ने आरोप लगाया है कि बीते 30 नवंबर को स्थानीय लोगों ने बिना अनुमति अथवा पूर्व सूचना के सड़क जाम कर दिया था। जिस चलते आम जनजीवन प्रभावित हुआ।



### धरना प्रदर्शन की नहीं दी गयी थी सूचना व आवेदन

एसडीओ ने बीडीओ को पत्र भेज बताया कि शहर के गजाधरगंज मुहल्ला के नाली सफाई नही होने के कारण सिड्डू मियां कल्लू साह दीपक गुप्ता पप्पू अंसारी एवं अन्य लगभग 100 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बीते 30 नवंबर को बक्सर शहर के स्टेशन रोड को (गजाधरगंज के पास) घंटों आवागमन बाधित रखा गया। उक्त धरना प्रदर्शन की सूचना आवेदन उन्हें नहीं दी गयी थी। जिससे इस मार्ग पर परिचालन भी प्रभावित हुआ। एसडीओ ने कहा है कि यदि कोई जायज शिकायत है, तो पीड़ित व्यक्ति व्यक्तियों को दूसरे हजारों नागरिकों का यातायात एवं जीवन बाधित करने तथा उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित करने का अधिकार नहीं है।

### आदेश की अवमानना करने की छूट नहीं दी जा सकती

माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के कई न्याय निर्णयों में यह स्पष्ट किया गया है कि घटना प्रदर्शन के क्रम में यातायात को बाधित नहीं किया जाएगा। यह उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों का खुली अवमानना है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा है कि किसी व्यक्ति को खुलेआम माननीय न्यायालयों के आदेश की अवमानना करने की छूट नहीं दी जा सकती। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान अगर किसी प्रकार से विधि-व्यवस्था या लोक-शांति भंग होती है, तो उसकी जिम्मेवारी आयोजक के साथ-साथ अन्य सम्मिलित सदस्यों की भी होगी। नियम के उल्लंघन पर 5000 रुपए जुमार्ना भी लगाया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी के इस एक्शन से मोहल्ले के लोगों में हड़कंप मच गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद मोहल्ले के लोग इस मुसीबत से बचने के प्रयास तलाशने लगे हैं।

## एक नजर

### अब स्कूली छात्र-छात्राओं के इलाज के लिए बनाया जाएगा मेडिकल कार्ड



**केसठ।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्थानीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में कैंप लगा बच्चों का शारीरिक जांच किया। इस दौरान बच्चों के लंबाई, वजन, बीएमआई, नेत्र जांच आदि लगभग 40 प्रकार के अन्य बीमारियों की जांच की गई। सुबह से पूरे दिन चले इस मेडिकल कैंप के दौरान छात्रों में उत्साह व्याप्त था। छात्र-छात्राएं देर तक कतार में खड़े हो अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। सबसे पहले उनके लंबाई व वजन की मापी की जा रही थी। इसके बाद डॉक्टरों की टीम द्वारा उनसे पूछकर तथा विभिन्न मशीनों से जांच कर इस बात की तस्दीक की जा रही थी कि छात्र को कोई गंभीर बीमारी तो नहीं है। इस दौरान मेडिकल टीम द्वारा बताया गया कि सभी छात्रों को मेडिकल कार्ड बनाया जाएगा तथा जिन छात्रों को गंभीर बीमारी होगी उन्हें कार्ड पर पीएचसी या संबंधित अस्पताल में जाने का सुझाव भी दिया जाएगा। इस दौरान लगभग 78 बच्चों का जांच किया गया। इस मौके पर पीएचसी के डॉ. सुरेश प्रसाद, डॉ. जय प्रकाश, फार्मासिस्ट देश दीपक तिवारी, राजू पांडेय, मनोज कुमार सहित अन्य स्वास्थ कर्मी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

### असमाजिक तत्वों ने 10 कट्ठा के धान के बोझे में लगाई आग



**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव के बधार में शुक्रवार की अहले सुबह असमाजिक तत्व के लोगों ने धान की बोझा में आग लगा दिया। जिससे 10 कठ्ठा के धान की बोझा जलकर राख हो गया। आग में जली धान का बोझा गांव के किसान श्रीभगवान साह उर्फ सुनर साह का था। पीड़ित किसान ने बताया कि वह धान की कटनी कर उसे बोझा बांध खेत में ही अस्थायी खलिहान बनाकर रखा था। शुक्रवार को जब जब वह बोझे को खलिहान में लाने के लिए खेत पर पहुंचा तो देखा कि किसी ने आग लगा बोझों को जला दिया है। पीड़ित किसान ने बताया कि गुरुवार को उसने धान का बोझा बांधकर खेत में छोड़ दिया था। किसान की मानें तो रात में ही असमाजिक तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया है। श्रीभगवान ने बताया कि वह रात दो बजे तक खेत में ही रूककर बोझे की रखवाली कर रहा था। लेकिन उसके बाद घर आ गया था। इसी दौरान किसी ने इस घटना को अंजाम दिया है। आगलगी की इस घटना से किसान को हजारों का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने बताया कि 10 कठ्ठा खेत में 65 धान का बोझा हुआ था। सभी जलकर राख हो गया है। पीड़ित किसान ने बताया कि इसकी मौखिक सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### नंदन से 85 हजार की दुधारू गाय चोरी, खोज में जुटी पुलिस

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के नंदन गांव से एक दुधारू गाय चोरी होने की सूचना मिली है। चोरी गई गाय गांव के रविन्द्र पासवान की है। उनके पुत्र चंदन पासवान ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि गुरुवार की रात उसके घर के पुरूष सदस्य अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गए थे। घर पर केवल महिलाएं थी। सुबह में जब चारा डालने के लिए महिलाएं दरवाजा खोली तो बाहर बांधी गई गाय गायब थी। यह देख घर की महिलाओं में अफरा-तफरी मच गयी। इसकी जानकारी परिजनों के साथ पास-पड़ोस के लोगों को दी गयी। ग्रामीण आसपास के गांवों में काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में जब चंदन आया तो थाना पहुंच इसकी शिकायत दर्ज कराई। चंदन ने बताया कि चोरी गई गाय की कीमत 85 हजार रुपए है। इस घटना से पशुपालक को बड़ा नुकसान हुआ है तथा पशुधन की चोरी होने से सभी मायूश थे। डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर जांच-पड़ताल शुरू की गयी है। संवाद संप्रेषण तक गाय का सुराग नहीं मिल सका है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में अनुमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं बढ़ गई है।

## संदेहास्पद बना आभूषण व्यवसायी लूटकांड

**केटी न्यूज/राजपुर**

गुरूवार की शाम राजपुर थाना क्षेत्र के मनोहरपुर डाकबंगला हाता के पास आभूषण व्यवसायी पिता पुत्र से हुए लूट का मामला संदेहास्पद बनते जा रहा है। लूट के तत्काल बाद जहा व्यवसायी ने मीडिया से बात करते हुए 20 से 25 लाख रूपए के आभूषण लूटे जाने की बात कही थी वही पुलिस को पांच लाख की लूट की बात बताई है। मीडिया व पुलिस को दिए अलग-अलग बयान से इस मामले में नया मोड़ आ गया है। जबकि सरेशाम हुई लूट की इस वारदात के बाद पुलिस ने इस मामले के उद्भेदन को चुनौती के रूप में लिया है। शुक्रवार को एसपी नीरज कुमार सिंह राजपुर पहुंच खुद इस मामले की तफ्तीश शुरू किए। इस दौरान उन्होंने पीड़ित व्यवसायी पिता पुत्र प्रेमशंकर सेठ व पिंटू सेठ से भी बात कर इस घटना की विस्तार से जानकारी ली।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन की चपेट में आ अधेड़ की मौत, की जा रही पहचान

**डुमरांव।** डीडीयू-दानापुर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन के समीप शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गयी। घटना डाउन ट्रैक पर पश्चिमी गुमटी के पोल संख्या 645/42 के समीप की है। घटना की जानकारी मिलते ही रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन सिंह और जीआरपी पोस्ट प्रभारी अजय कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के पास से मिले साक्ष्यों के आधार पर पहचान शुरू कर दी। लेकिन घंटों के प्रयास के बाद भी जब पहचान नहीं हो सकी तब रेल पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया।

### साइबर क्राइम को रोकने के लिए बनाई गई दक्ष टीम

**बक्सर।** अपराधियों के द्वारा साइबर क्राइम के द्वारा लगातार पुलिस को चुनौती दी जा रही है। परन्तु अब पुलिस अपराधियों के कोई भी दांव को सफल नहीं होने देगी। एसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम देने के लिए मोबाइल व अन्य डिजिटल यंत्रों का इस्तेमाल कर रहे है। जिनको पकड़ने में पुलिस को काफी परेशानी का हो रही है। वहीं अपराधियों का मनोबल दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। जिसे रोकने के लिए टीम बनाई गयी है।

# अब चकाचक भवन में संचालित होगा मुरार थाना, एसपी ने किया उदघाटन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मुरार थाना अब चकाचक भवन में संचालित होगा, जिसमें पुलिसकर्मियों के लिए कई आधुनिक सुविधाओं के साथ ही महिला व पुरूष कैदियों के लिए अलग अलग हाजत व एक हॉल बनाया गया है। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा बनवाए गए इस ग्रेड 3 थाना भवन का उद्घाटन शुक्रवार को एसपी नीरज कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इसके पहले थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद द्वारा नए भवन में पूजा पाठ व हवन भी करवाया गया। अपने संबोधन में एसपी ने कहा कि इस नए भवन में पुलिसकर्मियों को कई आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। जिससे इनके काम काम में भी सहूलियत मिलेगी। एसपी ने अपने संबोधन के दौरान पुलिस पब्लिक मैत्री को कारगर बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस अपना काम तभी कुशलता से कर पाएगी जब आम पब्लिक का सहयोग उसे मिले। उन्होंने कहा कि पब्लिक के सहयोग से ही अपराध नियंत्रण तथा शराब तस्करी के जीरो टालरेंस की नीति को सफल बनाया जा सकता है।



एसपी ने कहा कि थाना भवन को काफी मजबूत बनाया गया है तथा सुरक्षा के लिहाज से यह काफी आदर्श थाना भवन होगा। थाना के नए भवन के उदघाटन के मौके पर मुख्यालय डीएसपी अशफाक अंसारी, डुमरांव के प्रभारी डीएसपी कुमार वैभव, चौगाई बीडीओ तेज बहादुर सुमन, पुलिस निरीक्षक विमल दास, मनोरंजन प्रसाद, पूर्व मुखिया विनोद कुमार ओझा, मसर्हियां मुखिया मनोज कुमार, मुरार मुखिया श्रवण कुमार प्रसाद, वकील सिंह, वीरेंद्र सिंह लाला, जितेंद्र राम, सलीम अंसारी, पं. अनिल कुमार तिवारी, जितेंद्र सिंह और प्रमोद कुमार सिंह समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## भरौली गांव में जला झोपड़ीनुमा घर, बाल बाल बचे घर वाले

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय थाना क्षेत्र के गिरिधर बरांव पंचायत के बिचली भरौली गांव में शुक्रवार को अहले सुबह एक झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। इस घटना में झोपड़ीनुमा घर में रखे अनाज, बिछावन, कपड़ा समेत लाखों रूपए के सामान जल गए है। आगलगी की यह घटना बूंदी राय के घर में हुई है। हालांकि घर में सोए परिवार के सदस्य बाल-बाल बच निकले। पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि गुरुवार की रात सपरिवार खाना खाने के बाद सो गए थे। शुक्रवार को लगभग तीन बजे सुबह उनकी निंद खुली तो झोपड़ीनुमा घर से आग की लपटे उठने लगी थी।



यह देखकर पीड़ित गृहस्वामी ने शोर मचाने लगा। शोर सुनकर घर के अंदर सोए हुए सभी परिवार के सदस्य बाहर निकल भागे। जबकि शोर सुनकर ग्रामीणों ने पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। पर घर के अंदर रखे अनाज फर्नीचर के सामान, बिछावन, बर्तन समेत अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि इस घटना में एक लाख से अधिक की संपत्ति जली है। हालांकि आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। भाजपा नेता सह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना यादव ने पहुंचकर पीड़ित परिजनों को सांत्वना दिया। साथ ही पीड़ित गृहस्वामी को आर्थिक सहायता देने के साथ हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## विश्व विकलांगता दिवस विशेष : फाइलेरिया व्यक्ति को शारीरिक व सामाजिक रूप से बनाता है विकलांग

# हाथीपांव यानी फाइलेरिया भी विकलांगता के सबसे प्रमुख कारणों में से एक

- डब्ल्यूएचओ के अनुसार विश्व की 15 प्रतिशत आबादी विकलांगता के किसी न किसी प्रकार से ग्रसित

**केटी नयूज/बक्सर**



विकलांगता किसी भी व्यक्ति के लिए अभिशाप साबित हो सकती है। इसके बारे में जनमानस को जागरूक करने हेतु हर वर्ष तीन दिसंबर को विश्व विकलांगता दिवस मनाया जाता है। कुछ नवजातों में जन्म के समय से ही विकृतियां होती हैं। ये विकृतियां या जन्मजात रोग कभी-कभी उनके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक भी हो सकती हैं। लेकिन सही समय पर इन विकृतियों को पहचान कर इलाज करवाने से नवजात को उन विकृतियों से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है। इसके अलावा कई रोग जैसे फाइलेरिया व्यक्ति को शारीरिक एवं सामाजिक रूप से विकलांग बना देते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया की कुल आबादी का करीब 15 प्रतिशत विकलांगता के किसी न किसी स्वरूप से ग्रसित है।

**फाइलेरिया से ग्रसित व्यक्ति शारीरिक एवं सामाजिक तौर पर होता है विकलांग:** जिला वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया व्यक्ति को शारीरिक एवं सामाजिक रूप से विकलांग बना देता है। जागरूकता का अभाव एवं स्वच्छता को नजरंदाज करना इसके प्रमुख कारण हैं। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा समय समय पर एमडीए कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जाता है। जिसमें लोगों को घर घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई जाती है। कोई भी व्यक्ति अगर साल में एक बार लगतार पांच साल तक दवा का सेवन करता तो वह ताउम्र इस रोग से सुरक्षित रहता है। फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है जो मच्छर के काटने से होता और ज्यादातर इसे हाथीपांव के नाम से जाना जाता है। यह स्थिति शारीरिक एवं मानसिक रूप से कष्टदायक होती और ग्रसित व्यक्ति सामाजिक तिरस्कार का भागी हो सकता है।

**विकृतियों को पहचानने से इलाज होगा आसान:** चिकित्सकों के अनुसार जन्मजात विकृतियों में कई जटिलताएं शामिल होती हैं। जिसमें शिशुओं के फटे होंठ या तालु, पैरों का मुड़ा होना (क्लब फूट), डाउन सिंड्रोम (बौनापन, असामान्य आकार के शारीरिक अंग, चपटी नाक या चेहरा, मानसिक वृद्धि में रुकावट) मल त्याग करने के रास्ते का नहीं बनना, श्वास नली में अधिक समस्या, जन्मजात अंधापन या बहरापन, सर का आकार सामान्य से अधिक हो जाना, हृदय में छिद्र या हृदय संबंधित गंभीर समस्या का होना एवं स्पाइनल कॉर्ड विकृति जैसे अन्य रोग भी शामिल हैं। इनमें से कुछ विकारों को आसानी से देखा जा सकता है किन्तु अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं को समझने के लिए नवजात पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। इनका ससमय चिकित्सीय प्रबंधन नवजात को विकलांगता के अभिशाप से बचा सकता है।

## शहर छोटी खबरें

### दुकान में घुसा ट्रैक्टर, बच्ची जख्मी

**बलिया।** जिले के रतसर नगर पंचायत के दक्षिण चट्टी पर स्थित हीरा सिंह के किराने की दुकान में बुधवार की शाम तेज रफ़्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर घुसी गई। जिससे सामन खरीदने आई इन्द्रजीत बहादुर सिंह की 12 वर्षीय बेटी सिमरन बुरी तरह घायल हो गयी। हालांकि, दुकान के पास बैठे लोग बाल-बाल बच गए। बताया जाता है कि ट्रैक्टर दुकान के सामने खड़ी स्कूटी व साइकिल को धक्का मारते हुए ट्रांसफर पोल के स्टेक टकरा कर रुक गया। घटना के बाद चालक वहां से फरार हो गया। दुर्घटना के कारण दुकान में रखो पशुअहार सहित अन्य समाग्री बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सुचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भिड़ को नियंत्रित किया।

### अंकित मूल्य पर ही उर्वरक खरीदें किसान

**बलिया।** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता बलिया, नीरज कुमार ने बताया है कि जिलाधिकारी के एक दिसंबर के अनुमोदन क्रम में पीसीएफ बफर में प्रीपोजिशनिंग योजना के अन्तर्गत भण्डारित अवशेष 48.250 एमटी डीएपी उर्वरक जो पुराने रेट (1200 रु० प्रति बोरी) की है को साधन सहकारी समिति लिमिटेड डेहरी में पांच एमटी, बस्तौरा में पांच एमटी, खोरीपाकड़ में 5.25 एमटी, चेरुइयां में पांच एमटी, शाहपुर तीन एमटी, अमडरिया में पांच एमटी, खेवसर में पांच एमटी, खारी में पांच एमटी, कसौडर में पांच एमटी एवं टीकादेवरी में पांच एमटी प्रेषित कराया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील किया कि उर्वरक खरीदते समय बोरी पर अंकित विक्रय मूल्य पर ही उर्वरक का क्रय करें।

### दो क्विंटल गांजा के साथ दो अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को शहर के मालगोदाम रोड स्थित शीशमहल के पास टाटा इन्ट्रा मैजिक के साथ धर दबोचा। तलाशी लेने पर दो क्विंटल 65 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्तों का नाम चन्दन कुमार गुप्ता पुत्र गिलन ठठेरा निवासी महुआपार डकिनगंज थाना पकड़ी व अक्षय लाल राजभर पुत्र सुदीन राजभर निवासी सिहोरिया थाना पकड़ी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ करने के बाद धंधे में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# नगर निकायों के वार्डों के लिए आरक्षण सूची जारी, नपा व नपं में सियासी सरगर्मी तेज




- गाजीपुर सहित प्रदेश के 48 जिलों में आरक्षण सूची जारी होते हैं चुनावी घमासान शुरू
- कई उम्मीदवारों के सपनों पर फिर पानी, कुछ के खिल उठे चेहरे

**अखिलानंद तिवारी/गाजीपुर**

नगर पालिका एवं नगर पंचायत चुनाव को लेकर जनपद में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार जनपद की नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के वार्डों की आरक्षण सूचि घोषित की गई। आरक्षण सूची जारी होने के बाद ज्यादातर उम्मीदवारों के सपनों पर पानी फिर गया है। जबकि कुछ के चेहरे खिल उठे हैं। सूची जारी होने के साथ ही अब कौन मैदान में रहेगा और कौन नहीं, यह भी लगभग तय हो गया है।

शासन द्वारा जारी सूची के मुताबिक गाजीपुर नगर पालिका परिषद के वार्ड पवहारी बाबा नगर महिला, मोहनपुरवा पिछड़ा वर्ग महिला, स्वामी विवेकानंद नगर अनुसूचित जाति महिला, काजीटोला अनुसूचित जाति, सुभाष नगर पिछड़ा वर्ग, लाल बहादुर शास्त्री नगर महिला, डॉक्टर विवेकी राय नगर अनारक्षित, जयप्रकाश नारायण नगर अनारक्षित, रविंद्र नाथ टैगोर नगर महिला, अंबेडकर नगर एवं रायगंज अनारक्षित, भगत सिंह नगर पिछड़ा वर्ग, महाजनटोली अनारक्षित, डॉक्टर अब्दुल कलाम नगर महिला, वीर अब्दुल हमीद नगर एवं कपूरपुर अनारक्षित, लोकमान्य तिलक नगर पिछड़ा वर्ग, उर्दू बाजार एवं राही मासूम रजा नगर अनारक्षित, मारकीनगंज पिछड़ा वर्ग महिला, महात्मा गांधी नगर अनारक्षित, नूरुद्दीनपुरा महिला, नवाबगंज अनारक्षित, पंडित दीनदयाल नगर महिला एवं मान्यवर कांशीराम नगर पिछड़ा वर्ग घोषित किया गया है। इसके अलावा जनपद की मोहम्मदाबाद एवं जमानिया नगरपालिका तथा सादात जंगीपुर बहादुरगंज दिलदारनगर एवं सैदपुर नगर पंचायतों के वार्डों का आरक्षण भी जारी कर दिया गया है।

**जंगीपुर में सभी वार्ड विभिन्न वर्ग की महिलों के लिए सुरक्षित :** नगर पंचायत सादात का दो वार्ड महिला, एक वार्ड अनुसूचित महिला जबकि एक वार्ड पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति के लिए एक, अनारक्षित के लिए 5, पिछड़ा वर्ग के लिए एक वार्ड आरक्षित किए गए हैं। नगर पंचायत जंगीपुर के दो वार्ड महिला, एक वार्ड अनुसूचित महिला जबकि एक वार्ड पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अनारक्षित के लिए 6, पिछड़ा वर्ग के लिए एक वार्ड आरक्षित किए गए हैं।

नगर पंचायत दिलदारनगर के तीन वार्ड महिला जबकि एक वार्ड पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अनारक्षित के लिए 6, पिछड़ा वर्ग के लिए एक वार्ड आरक्षित किए गए हैं। नगर पंचायत बहादुरगंज के तीन वार्ड महिला, एक वार्ड अनुसूचित महिला जबकि एक वार्ड पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अनारक्षित के लिए 6, पिछड़ा वर्ग के लिए दो वार्ड आरक्षित किए गए हैं।

### मोहम्मदाबाद नगर पालिका में आधा दर्जन वार्ड महिला

जिले की मोहम्मदाबाद नगर पालिका में आधा दर्जन वार्ड महिला, एक वार्ड अनुसूचित महिला जबकि दो वार्ड पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति के लिए एक, अनारक्षित के लिए 11, पिछड़ा वर्ग के लिए चार वार्ड आरक्षित किए गए हैं। वहीं, नगरपालिका जमानिया के आधा दर्जन वार्ड महिला, एक वार्ड अनुसूचित महिला जबकि दो वार्ड पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति के लिए दो, अनारक्षित के लिए 10, पिछड़ा वर्ग के लिए चार वार्ड आरक्षित किए गए हैं। नगर पंचायत सैदपुर के एक वार्ड महिला, दो वार्ड अनुसूचित महिला जबकि 2 वार्ड पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति के लिए दो, अनारक्षित के लिए 6, पिछड़ा वर्ग के लिए दो वार्ड आरक्षित किए गए हैं।

## विद्युत कर्मियों का हड़ताल जारी, करोड़ों की राजस्व वसूली प्रभावित

# विद्युत कंपनी के ऊर्जा चेयरमैन को हटाने पर अड़े हैं हड़ताली अधिकारी व कर्मचारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को चौथे दिन भी बिजली कर्मचारियों, अवर अभियंताओं व अभियंताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य बहिष्कार जारी रहा। ऊर्जा निगम के बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं की ज्वलंत समस्याओं से समाधान और प्रबंधन का हठवादी व दंडात्मक रवैया से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा है। जिला संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि हम विद्युत कर्मी पिछले कई दिनों से कार्य बहिष्कार पर है, फिर भी सरकार मौन है। भ्रष्ट ऊर्जा चेयरमैन को बचाने के लिए विद्युत कर्मियों के साथ विश्वासघात किया जा रहा है। लेकिन विद्युत कर्मी भी झुकने वाले नहीं है। उनका कहना है कि जब तक भ्रष्ट ऊर्जा चेयरमैन एवं देवराज अपने पद से हटेंगे नहीं, तब तक विद्युत कर्मी अपने कार्य पर लौटेंगे नहीं।



- चौथे दिन भी कर्मचारियों, अवर अभियंताओं व अभियंताओं ने किया कार्य बहिष्कार
- कहा- सरकार के हठ की वजह से मजबूर हो आंदोलन कर रहे हैं कर्मचारी

जिले के 41 उप केंद्र की लाइट ब्रेक डाउन : जिला संयोजक ने बताया कि जिले में लगभग तीन दिनों में करीब तीन करोड़ राजस्व का नुकसान कार्य बहिष्कार के अंतर्गत हुआ है। जिलाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा ने बताया कि जिले के 69 उप केंद्रों में लगभग 41 उप केंद्र की लाइट ब्रेक डाउन है। हम नहीं चाहते कि हमारे वजह से आम उपभोक्ता परेशान हो, मगर सरकार के हठवादी रवैए की वजह से हम मजबूर होकर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

जूनियर इंजीनियर संगठन के प्रदेश महासचिव जय प्रकाश सिंह ने बताया कि ऐसे तानाशाह चेयरमैन को तत्काल पद से हटाया जाए, तभी प्रदेश के सभी विद्युत कर्मी स्वच्छ वातावरण एवं भयमुक्त होकर अपने कार्य को संपादित करेंगे। आए दिन अवर अभियंताओं का उत्पीड़न एवं हठ-वादी तुगलकी फरमान, मनमाने दिशा निर्देश, धमकी भरे पत्र जारी करने का काम पावर कॉर्पोरेशन के ऊर्जा चेयरमैन द्वारा किया जा रहा है, जो पावर कॉर्पोरेशन के खिलाफ है। हड़ताल में मुख्य रूप से अधीक्षण अभियंता मोहन राकेश, अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह, चंद्र पाल सिंह, मनीष कुमार, आशीष चौहान, सहायक अभियंता सत्यम त्रिपाठी, अभिषेक राय, संतोष चौधरी, सुधीर सिंह, अवर अभियंता योगेंद्र प्रसाद दानी, तपस कुमार, प्रमोद यादव, महबूब अली, कुलदीप नैय्यर, अमित गुप्ता, एसके ओझा, नीरज सोनी, रमेश मौर्या, दीपक कुमार, सूर्य नाथ, मोहम्मद आदि शामिल रहें।

### बिजली विभाग के खिलाफ ही सड़क पर उतरेगी जनता, दो दिनों से आपूर्ति ठप

गाजीपुर। विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति दो दिनों से बाधित है। जिसके कारण लोग बिजली, पानी को लेकर परेशान हैं। कस्बा के व्यापारी प्रमोद वर्मा ने कहा कि संविदा कर्मचारियों एवं शासन के आपसी तनाव से विद्युत आपूर्ति बाधित है। इससे आम जनता काफी परेशान है। उन्होंने कहा कि अब तो इनवर्टर ने भी साथ छोड़ दिया है। विद्युत उपभोक्ताओं का कहना है कि इस विभागीय तनाव में आम जनता का क्या दोष है? लोगों में विद्युत विभाग के प्रति काफी आक्रोश पनप रहा है। कर्मियों की इस हरकत का विरोध कर रहे व्यापारी नेता गोपाल गुप्ता, धर्मेंद्र चौरसिया, विजय वर्मा, संतोष सोनकर, विजय, संजीव त्रिपाठी, संतोष चौरसिया, चिंटू गुप्ता, योगेंद्र यादव आदि ने कहा कि अगर जल्द ही आपूर्ति बहाल नहीं की जाती है तो अब विद्युत विभाग के खिलाफ आम जनता उतरेगी और प्रदर्शन करेगी। एसडीओ मिठाई लाल ने लोकल फॉल्ट होने से आपूर्ति बाधित है। जल्द ही बहाल की जाएगी।

### रेस्टोरेंट में आग लगन से मची अफरातफरी

**मऊ।** नगर कोतवाली के भीटी स्थित एक रेस्टोरेंट में शुक्रवार की सुबह विद्युत शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से रेस्टोरेंट का लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि भीटी निवासी काशीनाथ मद्धेशिया की मेन रोड के पास एक रेस्टोरेंट और फास्ट फूड की दुकान है। शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे रेस्टोरेंट में शार्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान से धुंआ उठने के कुछ देर बाद ही आग की लपटे निकलने लगी। आस-पास रिहायशी मकान होने के कारण अफरातफरी का माहौल हो गया।

# विवाह योजना के तहत एकदूजे के हुए 329 जोड़े

- कहीं निकाह, तो कहीं दूल्हा-दुल्हन ने लिए अग्नि के सात फेरे

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन आरटीआई मैदान (नवीन स्टेडियम) में शुक्रवार को आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया किया। इस योजना के तहत जनपद के आठ विकास खंडों के कुल 329 जोड़ों का सामूहिक विवाह पूरे विधि-विधान से सम्पन्न हुआ, जिसमें तीन मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी कराया गया। उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह ह्यचंचल ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री जी की एक महत्वपूर्ण योजना है।



मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के सभी जनपदो में यह योजना लागू कर गरीब, मजदूर, असहाय परिवारों को इसका लाभ दिया है। उन्होने शादी समारोह में आए हुए वर एवं वधु के परिजनो के प्रति शुभकामना व्यक्त करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत 51 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जा रहा है, जिसमें 35 हजार रुपए वधू के खाते में तथा 10 हजार रुपए के उपहार एवं छह हजार शादी समारोह के आयोजन के लिए दिया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने नव विवाहित वर-वधुओं को आर्शिवचन देते हुए कहा कि नव विवाहित जोड़ो ने सात फेरे लेकर एक साथ रहने का जो संकल्प लिया है।

## एक नजर

### एसपी ने ली परेड की सलामी, जवानों को हथियार खोलने और जोड़ने की दी ट्रेनिंग



**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पुलिस लाइन गमें परेड की सलामी ली तथा इसके बाद परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न थानों से आई पुलिस की गाड़ियों का निरीक्षण कर उनमें रखे गए सुरक्षा संबंधी उपकरणों को देखा गया। साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके बाद डॉयल 112 की गाड़ियों का निरीक्षण कर गाड़ियों का रिस्पांस टाइम जाना गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उसके बाद पुलिस लाइन में स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस लाइन में हो रहे निर्माण कार्यों का भी एसपी ने निरीक्षण किया। इसके बाद परेड में शामिल सभी जवानों के हथियारों को खोलने तथा जोड़ने की ट्रेनिंग भी दी गई।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**बैरिया।** स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक गुरू प्रसाद सिंह टोला शिवन राय बाजार में वांछित व वारंटी अभियुक्त की तलाश में भ्रमणशील थे। इस दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति यादव नगर चौक पास खड़ा है, जो तमंचा व कारतूस रखा है। सूचना पर अपने हमराहियों के साथ जब उपनिरीक्षक गुरू प्रसाद सिंह यादव नगर चौक की तरफ पहुंचे तो पुलिस को देख संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा। जिसे घेराबंद कर पकड़ लिया गया।पुछताछ में अपना नाम जयप्रताप सिंह उर्फ डब्लू निवासी शोभा छपरा बताया। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान कर न्यायालय भेज दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### गुंडों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय संरक्षण दे रही पुलिस : प्रो. अखिलेश



**बलिया।** सतीशचंद्र कॉलेज में 25 नवंबर की घटना के विरोध में चंद्रशेखर विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के शिक्षक बेहद क्षुब्ध हैं। शिक्षक शिक्षणेतर संघ के अध्यक्ष प्रो. अखिलेश राय ने सतीश चंद्र कॉलेज में प्रेसवार्ता कर बताया कि अविनाश सिंह नंदन द्वारा पहले तो शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उसके बाद सोशल मीडिया पर गलत तरीके से अफवाह फैला कर कॉलेज के शैक्षणिक माहौल को खराब किया गया। वो इस कॉलेज के छात्र भी नहीं रहे है। एक खतरनाक गुंडा होने के बावजूद पुलिस-प्रशासन द्वारा उस पर कठोर कार्रवाई नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने शिक्षक संघ की ओर से अविनाश सिंह नंदन पर गुंडा एक्ट के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्रो.राय ने बताया कि अविनाश सिंह नन्दन के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। इसमें बलिया पुलिस ने जो रिपोर्ट दी है, उसमें स्पष्ट है कि खुद को छात्र नेता बताने वाले अविनाश सिंह नंदन एक गुंडा, खतरनाक दुःसाहसी व्यक्ति व आतंक का पर्याय है। इसके भय से जनता का कोई भी व्यक्ति इसके विरुद्ध रिपोर्ट लिखवाने हुआ गवाही देने का साहस नहीं करता है। प्रो.राय ने बताया कि अविनाश सिंह के विरुद्ध तमाम संगीन धाराओं में एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने भी माना है कि यह एक खतरनाक गुंडा और आतंक का पर्याय है। इसके बावजूद खुलेआम घूमने और आए दिन आपराधिक कृत्य और अराजकता फैलाने पर पुलिस की ओर से कोई अंकुश नहीं लगाया जा रहा है।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में दिखा बच्चों का दमखम

**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र के सदरपुर गालीबपुर में स्थित किंग्स इडेन इंटरनेशनल स्कूल में सहोदया मऊ के द्वारा आरोहन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसका उद्घाटन तहसीलदार राहुल कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस बैडमिंटन प्रतियोगिता में जनपद मऊ के सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों के लगभग 25 टीमों ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता के फाइनल के लिए जूनियर बालिका वर्ग में किंग्स इडेन इंटरनेशनल स्कूल व सैक्रेड हार्ट स्कूल, इसी तरह जूनियर बालक वर्ग में भी किंग्स ईडेन इंटरनेशनल स्कूल व चंद्रा पब्लिक स्कूल तथा सीनियर बालिका वर्ग में सैक्रेड हार्ट स्कूल व चंद्र पब्लिक स्कूल, सीनियर बालक वर्ग में क्रमशः किंग्स ईडेन इंटरनेशनल व सैक्रेड हार्ट स्कूल विजई हुए। जिसका फाइनल प्रतियोगिता मऊ में स्थित भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में खेला जाएगा। प्रतियोगिता में किंग्स इडेन इंटरनेशनल स्कूल का बोलबाला रहा।

## महिला आरक्षी ने स्कूली छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क व टोल फ्री नंबर की दी जानकारी

# मनचले परेशान करें, तो टोल फ्री नंबर पर कॉल कर पुलिस को दें सूचना

- विद्यालय प्रबंधक ने की गाजीपुर पुलिस की पहल की सराहना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के मरदह थाना अंतर्गत एमआरडी पब्लिक स्कूल सिंगेरा में पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला आरक्षी ज्योति कुमारी ने छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क व टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित छात्राओं को वूमेन पावर हेल्प लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, पुलिस कंट्रोल नंबर-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन- 1076, साइबर हेल्प लाइन-1930 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कहीं आते-जाते यदि रास्ते में कोई मनचला उन्हें परेशान करे तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए आप लोग खुद एक्टिव रहे और टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें। जिसके बाद पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए उन मनचलों को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि अब किशोरियों व युवतियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। गाजीपुर पुलिस व महिला हेल्प डेस्क उनके साथ है।



**महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं:** मौके पर उपस्थित कांस्टेबल दिनेश चन्द्र यादव, कांस्टेबल प्रभात कुमार, महिला आरक्षी ज्योति कुमारी ने जागरूक करते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। महिलाओं को इसका सदैव एहसास होना चाहिए। छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून महिलाओं के सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए नियम-कानून के प्रति उन्हें जागरूक किया।बता दें कि इन दिनों महिला सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस ने गांव-गांव जाकर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं, युवतियों को आत्मरक्षा के लिये जागरूक कर रही है।

### अपनी शिकायत नि:संकोच कर सकेंगी छात्राएं

विद्यालय प्रबंधक श्रीनाथ यादव ने शासन द्वारा संचालित महिला हेल्प डेस्क द्वारा छात्राओं को दी गई जानकारी को सराहना की और कहा कि महिलाओं के लिए बने इन टोल फ्री नंबरों से ये अपनी शिकायत नि:संकोच कर सकेगी। स्कूल संचालक अजीत यादव ने पुलिस प्रशासन से आये सभी का माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया इस मौके पर राहुल सिंह, अरविंद कुमार यादव, प्रधानाचार्य सनोवर फि रदौस उपनिरीक्षक विवेक कुमार पाठक, कांस्टेबल प्रभात कुमार, कांस्टेबल दिनेशचंद्र यादव, महिला कांस्टेबल ज्योति कुमारी, विरेंदर पांडेय, मिथिलेश तिवारी, आशुतोष पांडेय, मनोज प्रजापति, शिव प्रकाश मौर्या, उमेश विश्वकर्मा, योगेश यादव, शोभित, शुभा, मधु यादव, जया सिंह, अभिलाषा सिंह, रिंकी सिंह, आयुषी दुबे, आरसी खानम, मनीषा प्रधान, दीक्षा राय प्रवीना थापा, प्रतीक्षा थापा, प्रियांशी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।